| | |
|---|---|
| **JAIN COLLEGE** V V Puram<br><br>**I PUC Mock Paper – January. 2025** | **Course:** I PUC<br>**Subject:** Hindi<br>**Max.Marks:** 80<br>**Duration:** 3:00 hr |

**सूचना : 1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है |**

**2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है |**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों में से सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10x1=10**

1) आनन्दी के पिता का नाम लिखिए |
i) बेनीमाधव सिंह ii) भूपसिंह iii) लालबिहारी iv) श्रीकंठ

2) किस शक्ति के सामने सब शक्तियाँ दब जाएँगी ?
i) प्रेम ii) भक्ति iii) इच्छाशक्ति iv) सेवा

3) किसने बिन्दा के पैरों में तिल का तेल लगाया ?
i) पंडिताइन चाची ii) महादेवी वर्मा iii) महादेवी वर्मा की माँ iv)रुकिया

4) संत का स्वभाव कैसा होना चाहिए ?
i) क्रोधी ii) कोमल iii) कठोर iv) सुअंब तरु

5) यह संसार किसका खेल है ?
i) कौए का खेल ii) चिड़ियो का खेल iii) कोयल का खेल iv) कबूतर का खेल

6) नारी बार बार क्या कर रही है ?
i) कपडे धो रही है ii) बोल रही है iii) प्रहार कर रही है iv) खाना पका रही है

7) कवयित्री को प्रेम का क्या दिखाई देता है ?
i) प्रेम की नदियाँ ii)प्रेम का पारावार iii)प्रेम की कहानियाँ iv) प्रेम के गाने

8) तुम आओ मन के मुग्ध मीत कविता के कवि अपने मित्र का ऐसे स्वागत करते हैं?
i) मजबूरी से ii) सिर झुकाकर iii) दिखावे के स्नेह से iv) दुःख होकर

9) श्मशान किसे अपनी गोद में समा लेना चाहता था ?
i) युवक की दूसरी पत्नी को ii) डोम को iii) युवक को iv) पहाड़ी को

10) प्रभा की सगाई किसके साथ हुई ?
i) सन्तु ii) चाचा मंगलसेन iii) भीष्म साहनी iv) वीरजी

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए** **5x1=5**
**(का ,के, की , पर , के लिए)**

11. वहाँ लोगों___भीड़ है |
12. वह घर ___नहीं है |
13. उसने देश —-कुर्बानी दे दी |
14. यह मोहन___घर है|
15. राजा दशरथ___चार पुत्र थे |

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए:** **5x1=5**

16.

| | |
|---|---|
| i) पोल खुलना | i) प्रेमपूर्वक स्वागत करना |
| ii) दाल न गलना | ii) सम्मान प्राप्त करना |
| iii) पलके बिछाना | iii) जोर की भूख लगना |
| iv) नाम कमाना | iv) भेद खुलना |
| v) पेट में चूहे कूदना | v) सफल न होना |

**II अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2x3=6**

17)) बिन्दा अपनी नयी अम्मा से किस प्रकार डरती थी ?
18) अंबेडकर जी को शिक्षा प्राप्त करते समय किन किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?
19) हार्ट अटैक के रोगी का इलाज किस तरह किया जाता है ?
20) बद्रीनारायण मंदिर की विशेषता पर प्रकाश डालिए|
21) रमेश ने बेहोशी का अभिनय क्यों किया ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए** **2x3 =6**

22) 'पर तुमने आज कल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है ?
23) ढोंगी बनने की अपेक्षा स्पष्ट रूप से नास्तिक बनना अच्छा है।
24) आ बेटा, तुझे कलेजे से लगा लूँ।
25) जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना|

**III अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए :** **1x2=2**

26) मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के सम्बन्ध में क्या कहा है ?
27) रसखान ब्रजभूमि में क्यों जन्म लेना चाहते है ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर लिखिए :** **2x2=4**

28) सीताजी कुटिया में कैसे सुखी हैं ?
29) कवयित्री ने जीवन के सम्बन्ध में क्या कहा है ?
30) कवि माचवे जी के अनुसार प्रतिभा के लक्षण लिखिए|
31) कवि ने जीवन की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?
32) नारी के विभिन्न गुणों का परिचय दीजिए|

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए**: **2x4 =8**

33) निन्दक नियरे राखिये, आँगन कुटी छबाय|
बिन पानी,साबुन बिना निर्मल करै सुभाय॥

**अथवा**

आवत ही हर्षे नहीं, नैनन नही सनेह|
तुलसी तहाँ ना जाइए,कन्चन बरसे मेह॥

34) देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्नतार|
देखकर कोई नही
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खाई नही|

**अथवा**

भेंट न जिसमें कुछ खोऊं
पर तुम सब कुछ पाओ
तुम ले लो, मेरा दान अमर हो जाए
तुम गादो, मेरा गान अमर हो जाए|

**IV निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए** : **3x3=9**

35) शराबी को बच्चा कहाँ मिला? वह उसे अपने साथ क्यों लाया ?
36) अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?
37) मंगलसेन को अपनी हैसियत पर क्यों नाज़ था ?
38) चंद्रप्रकाश का चरित्र –चित्रण कीजिए|

39) हिन्दी अखबार नई दुनिया में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए ?

40) रामचंद्र का परिचय दीजिए .

**V** 41) **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **3x1=3**

1) आपके बारे में मुझसे कोई भी बुरी नहीं कहता ।
2) मैं स्कूल जाना चाहिए |
3)वह दरवाजा खोला |

42) **आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए:** **3x1=3**

i) सरला गाना गाती है| (भविष्यत काल में बदलिए )
i) राम काम करेगा | (भूतकाल में बदलिए)
iii) माता अपने सब पुत्रों को समान भाव से चाहती थी (वर्तमान काल में बदलिए )

43) **इ) अन्य लिंग रूप लिखिए:** **2x1=2**

i) पुतली ii) स्वामी

44) **अन्य वचन रूप लिखिए:** **2x1=2**

i) चीता ii) कली

45) **समानार्थक शब्द लिखिए:** **2x1=2**

i) साँप ii) बालक

46) **विलोम शब्द लिखिए:** **2x1=2**

i) अंदर ii) अपना

47) **निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए** **3x1=3**

ईश्वर ने संसार के सारे रहस्य प्रकृति में छिपा कर रख दिये थे | मनुष्य ने अपने परिश्रम और प्रयत्न से उन रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया | यह कहना गलत है कि मनुष्य संसार में आते समय ,अपना भाग्य लेकर आता है ; वास्तव में वह अपने भाग्य का स्वयं निर्माता है जो वह अपनी मेहनत से बनाता है | प्रकृति मनुष्य के भाग्य से डर कर नहीं बल्कि उसके परिश्रम से हार मानती है | जो लोग भाग्य पर विश्वास करते हैं ,वे आलसी हैं वास्तव में वीर और परिश्रमी व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं बनाता है |

1) किसने अपने परिश्रम और प्रयत्न से रहस्यों पर से पर्दा उठा दिया ?
2) प्रकृति किससे हार मानती है ?
3) अपने भाग्य का निर्माता कौन है ?

48) **मोबाईल फोन के लाभ और हानि को समझाते हुए अपनी छोटी बहन को पत्र लिखिए:** **1x4=4**

49) **हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **1x4=4**

1) There is no success without hard work.
2) If there is no discipline in life, then there is no happiness and peace.
3) If we get up early, we can see sunrise.
4) Please close the door.

***********